हेमवती नन्दन बहुगुणा गढ़वाल विश्वविद्यालय
Hemvati Nandan Bahuguna Garhwal University
श्रीनगर गढ़वाल (उत्तराखण्ड)–246174
Srinagar Garhwal (Uttarakhand) - 246174
(केन्द्रीय विश्वविद्यालय)
(A Central University)

दूरभाष / Telephone : 01346 - 252143 (O)
फैक्स / Fax : 01346 - 252247 (O)
ईमेल / Email : registrar.hnbgu@gmail.co

पत्रांकः परीक्षा निय0कार्या0 / 2021 / 1261 दिनांकः 09–11–2021

सेवा में,

विभागाध्यक्ष / संकायाध्यक्ष / प्राचार्य / निदेशक,
समस्त परिसर / महाविद्यालय / सम्बद्व संस्थान।

महोदय,

वर्ष 2020–2021 स्नातक एवं स्नातकोत्तर अन्तिम सेमेस्टर के परीक्षाफल घोषित होने में परिसर / महाविद्यालय / सम्बद्व संस्थानों से सेशनल / प्रायोगिक एवं लघु शोध के अंक समय पर प्राप्त न होने से काफी बिलम्ब हो रहा है। 01 दिसम्बर 2021 को विश्वविद्यालय का दीक्षान्त समारोह आयोजित होना है। दीक्षान्त समारोह हेतु योग्यता सूची तैयार होनी है। इस हेतु विश्वविद्यालय का परीक्षाफल समय पर घोषित किया जाना आवश्यक है। इस सम्बन्ध में समस्त विभागाध्यक्ष / संकायाध्यक्ष / प्राचार्य / निदेशकों से अनुरोध है कि जिन कक्षाओ के सेशनल / प्रायोगिक एवं लघु शोध के अंक विश्वविद्यालय को अभी तक प्रेषित नहीं किये गये हैं, उनकी हस्ताक्षकर युक्त हार्ड प्रति दिनांक 12–11–2021 तक परीक्षा नियन्त्रक कार्यालय को उपलब्ध करवाना सुनिश्चित करे। उक्त तिथि तक अंको के प्रेषण न किये जाने पर दीक्षान्त समारोह के पदक एवं योग्यता सूची को अन्तिम रूप दे दिया जायेगा।

उक्त तिथि के पश्चात प्राप्त अंकों का परीक्षाफल दीक्षान्त समारोह सम्पन्न होने के उपरान्त घोषित किया जायेगा। यदि किसी छात्र / छात्रा का परीक्षाफल उक्त अंकों के प्राप्त न होने पर घोषित नहीं होता है और छात्र / छात्रा द्वारा योग्यता सूचि एवं पदक हेतु वाद–विवाद किया जाता है तो इसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी सम्बन्धित विभागाध्यक्ष / संकायाध्यक्ष / प्राचार्य / परिसर निदेशक की होगी।

परीक्षा नियन्त्रक

प्रतिलिपिः 1. निजी सचिव कुलपति, कुलपति महोदया के सूचनार्थ।
2. कुलसचिव के सूचनार्थ ।

परीक्षा नियन्त्रक

F.N- Letter P-1